**कार्यालय नगर निगम, देहरादून।**

**निविदा सूचना**

नगर निगम देहरादून की पशुवधशाला पर अपशिष्ट निस्तारण हेतु ई0टी0पी0 स्थापित किये जाने हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्थाओं को आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत सूचना दिनांक 18.02.2020 तक नगर निगम के वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है। निर्धारित अवधि के उपरांत किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

नगर आयुक्त, नगर निगम, देहरादून।

## कार्यालय नगर निगम, देहरादून।

पत्रांकः–31/ST/020      दिनॉकः–3/02/2020

1. सम्पादक **राष्ट्रीय सहारा** को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को अपनी व्यवसायिक दरों में **30 प्रतिशत** छूट देते हुए सामाचार पत्र के आगामी अंक में प्रकाशित करते हुए बिल भुगतान हेतु दो समाचार पत्र प्रति सहित नगर निगम को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. सम्पादक **हिन्दुस्तान** को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को अपनी व्यवसायिक दरों में **30 प्रतिशत** छूट देते हुए सामाचार पत्र के आगामी अंक में प्रकाशित करते हुए बिल भुगतान हेतु दो समाचार पत्र प्रति सहित नगर निगम को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3. आई0टी0 अधिकारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना नगर निगम की वेब साईट पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
4. नगर निगम नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

नगर आयुक्त,
नगर निगम, देहरादून।

देवदून क्यु नं0..........

निविदा फार्म का मूल्य रू0 500+GST@12%

# नगर निगम देहरादून

नीचे लिखे कार्य के लिए सीलबंद लिफाफों में निविदा दिनांक 18.02.2020 की सांय 5:00 बजे तक कक्ष संख्या–12, वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी, नगर निगम, देहरादून के कार्यालय में जमा कर देनी चाहिए जो अगले दिन खोली जाएँगी।

कार्य का नाम– नगर निगम देहरादून की पशुवधशाला पर अपशिष्ट निस्तारण हेतु ई0टी0पी0 स्थापित किया जाना।

| क0सं0 | कार्य का नाम | धनराशि |
|---|---|---|
| 1. | नगर निगम देहरादून की पशुवधशाला पर अपशिष्ट निस्तारण हेतु 30 के0एल0डी0 क्षमता के ई0टी0पी0 की स्थापना तथा कमिशनिंग किया जाना। | |

हस्ताक्षर निविदादाता

वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी
नगर निगम देहरादून

## नगर निगम, देहरादून (पशुचिकित्सा अनुभाग)

## नगर निगम, देहरादून के पशुवधशाला पर अपशिष्ट निस्तारण हेतु ई0टी0पी0 स्थापित किये जाने हेतु निविदा की शर्ते

1. निविदा नगर निगम की पशुवधशाला पर 30 के0एल0डी0 प्रतिदिन क्षमता के ई0टी0पी0 स्थापना एवं कमिशनिग हेतु आमंत्रित है। निविदा तथा कार्य के सम्बन्ध में जानकारी नगर निगम देहरादून के वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी कार्यालय से दिनाँक 18.02.2020 की प्रातः 10:00 बजे से 5:00 बजे सांय तक (रविवार एवं अवकाश के दिवस को छोड़कर) प्राप्त कर सकते हैं। निविदा फार्म क्रय किये जाने के उपरांत यह समझा जायेगा कि निविदादाता ने कार्य के सम्बन्ध में समस्त जानकारी प्राप्त कर ली है। निविदाएँ दिनांक 19.02.2020 को अपराहन 03:00 बजे तक जमा करनी होंगी जो उसी दिन अपराहन 4:00 बजे अथवा उसके बाद खोली जाएँगी।
2. निविदाओं पर निर्णय नगर आयुक्त नगर निगम देहरादून द्वारा किया जायेगा। निविदा नोटिस में दिये गए निर्धारित समय पर निविदा खोली जाएंगी, यदि निविदादाता चाहे तो निविदा खोलने के समय उपस्थित हो सकते हैं।
3. निविदादाता तकनीकी व वित्तीय निविदा को पृथक–पृथक लिफाफों में सीलबंद कर एक बड़े लिफाफे में जमा करेंगे। निविदा सील बन्द मजबूत लिफाफों में नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून के नाम भेजने आवश्यक हैं किसी अन्य अधिकारी के नाम निविदा स्वीकार नहीं की जायेंगी। लिफाफे पर "निविदा" शब्द लिखा जायेगा, बगैर सील बन्द निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
4. तकनीकी निविदा खोलने के उपरांत ही नियमानुसार वित्तीय निविदा खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत करने अथवा बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार निगम में निहित होगा। यह आवश्यक नहीं है कि न्यूनतम अथवा अन्य निविदा स्वीकार ही की जाय।
5. नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून के लिखित अनुमोदन के बगैर दरें मान्य नहीं होगी।
6. उपकरण की गुणवत्ता SWM rules 2016 एवं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों अनुरूप होनी चाहिये। कार्य पूर्ति पर 75 प्रतिशत भुगतान किया जाएगा तथा शेष 25 प्रतिशत भुगतान ई0टी0पी0 के सफल प्रदर्शन, PCB के अधिकारियों के समक्ष करने के पश्चात ही किया जाएगा जिसकी अधिकतम समय–सीमा कार्य पूर्ति के एक माह के अंतराल पर होगी।
7. निविदादाता द्वारा भरे हुए निविदा प्रपत्र के साथ रू0 50,000/– की एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 जो वरिष्ठ वित्त अधिकारी, नगर निगम, देहरादून के नाम प्लेज (Pledge) हो धरोहर राशि के रूप में संलग्न करना अनिवार्य है। किसी भी प्रकार की छूट मान्य नहीं होगी।
8. निविदा स्वीकृत होने के उपरांत अनुबन्ध गठन हेतु निविदादाता को प्राक्कलित धनराशि के 5 प्रतिशत मूल्य की परफारमेन्स सिक्योरिटी की धनराशि एन0एस0सी0/राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 के रूप में वरिष्ठ वित्त अधिकारी, नगर निगम देहरादून के नाम से बंधक कर जमा करना अनिवार्य होगा।
9. फर्म का विगत 3 वर्ष का औसत Turnover Rs. 50 लाख प्रतिवर्ष होना चाहिये, जिसका प्रमाण–पत्र साक्ष्य सहित व पैन नम्बर, जी0एस0टी0 नम्बर, विगत 3 वर्ष की बैलेन्स शीट, आय व्यय लेखा, अनुभव प्रमाण–पत्र, उपकरण की विशिष्टता, Warranty/Guaranty तथा Specification संबंधी सूचना तकनीकी निविदा के लिफाफे में प्रस्तुत करना होगा तथा धनराशि संबंधी निर्धारित निविदा प्रपत्र वित्तीय निविदा के लिफाफे में बंद कर प्रस्तुत करना होगा।
10. निविदादाता पर नगर निगम की कोई देय निविदा तिथि तक शेष नहीं होनी चाहिए, न ही किसी विभाग द्वारा कभी ब्लैकलिस्टेड होनी चाहिये। इस आशय का स्व–प्रमाण पत्र निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
11. इच्छुक व्यक्ति/संस्था को निविदा पत्र के साथ संस्था का जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र आदि अभिलेख संलग्न करने अनिवार्य हैं।
12. किसी भी शर्त के उलंघन अथवा गलत सूचना दिये जाने पर नगर निगम को अधिकार होगा कि वह निविदा को निरस्त कर दें।
13. अतः सर्व साधारण एवं इच्छुक आवेदकों को सूचित किया जाता है कि निविदा प्रपत्र एवं शर्ते रू0 500+GST@12%=560 रू0 के नकद भुगतान पर वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी कार्यालय से दिनाँक 18.02.2020 तक प्रातः 10:00 बजे से 5:00 बजे सायं तक क्रय कर सकते हैं। निविदा सूचना नगर निगम देहरादून की वेबसाईट http://nagarnigamdehradun.com पर भी उपलब्ध रहेगी।

उपरोक्त कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए विभाग द्वारा फर्म को केवल एक बार ही सूचित किया जाना पर्याप्त होगा।

---

मैने उपरोक्त नियमों एवं शर्तों का ध्यान पूर्वक अध्ययन कर लिया है यदि यह निविदा स्वीकृत होती है तो मैं/हम उपरोक्त नियमों एवं शर्तों का पालन करते हुए निर्धारित अवधि में कार्य करने एवं भुगतान करने हेतु सहमत हूँ/है। मैंने कार्य सम्बन्धी सभी विवरण देख लिये हैं व समस्त जानकारी प्राप्त कर ली है।

हस्ताक्षर प्राधिकृत फर्म प्रतिनिधि.......................................................

नाम: .......................................................

पता: .......................................................

वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी

नगर निगम देहरादून।